बुधवार
29 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 85 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com




## मॉडल अस्पताल में गंदगी विवाद पर मचा बवाल, गार्ड से गाली-गलौज का आरोप




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में गंदगी को लेकर उठे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। अस्पताल के एक गार्ड ने ब्लड बैंक कर्मी पर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार मॉडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड स्थित वीआईपी वार्ड में एक मरीज भर्ती था। इसी दौरान वार्ड के पानी वाले बेसिन में किसी द्वारा अंगूर और खैनी फेंक दिए गए, जिससे आसपास गंदगी फैल गई। ड्यूटी पर तैनात गार्ड सुजीत कुमार ने जब गंदगी देखी तो यह पता लगाने की कोशिश की कि ऐसा किसने किया है।

पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि गंदगी फैलाने का संबंध वार्ड में भर्ती एक मरीज से है। बताया गया कि संबंधित मरीज ब्लड बैंक ऑपरेटर दिनेश की पत्नी थी। आरोप है कि पत्नी से जानकारी मिलने के बाद ब्लड बैंक ऑपरेटर दिनेश मौके पर पहुंचे और गार्डों के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगे।

गार्डों का कहना है कि अस्पताल की व्यवस्था बनाए रखने और सफाई को लेकर सवाल





पूछने पर उन्हें अपमानित किया जाता है। साथ ही नौकरी से हटाने की धमकी भी दी जाती है। पीड़ित गार्डों ने अस्पताल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मामले पर अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि घटना उनके संज्ञान में आई है। आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सर्वाइकल कैंसर रोकथाम हेतु नालंदा में किशोरियों का विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महिलाओं में होने वाला सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा को प्रभावित करने वाला गंभीर रोग है, जो ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होता है। इस बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की एकल खुराक दी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल उन्हीं किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा, से भी अभियान को गति दी जा रही है।जिन्हें पहले किसी अन्य एचपीवी वैक्सीन की खुराक नहीं दी गई है। अभियान का उद्देश्य किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे से सुरक्षित करना है।

जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिलेभर में अभियान के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, जीविका समूह तथा पंचायती राज विभाग के कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि लक्षित किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के प्रति जागरूक कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम

## नालंदा में भू-सर्वेक्षण कार्य तेज, अधिकारियों और कर्मियों को मिला प्रशिक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को कुंदन कुमार एवं भारत सोनी ने कर्पूरी भवन टाउन हॉल, बिहारशरीफ में विशेष सर्वेक्षण पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में बिहार विशेष सर्वेक्षण को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए अधिकारियों ने इसे पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। नालंदा जिले में यह सर्वेक्षण दो चरणों में चल रहा है। प्रथम चरण में नौ अंचलों के 395 राजस्व ग्रामों तथा द्वितीय चरण में 11 अंचलों के 574 राजस्व ग्रामों में भू-सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि विशेष सर्वेक्षण का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी कर्मियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों एवं विशेषज्ञों द्वारा सर्वेक्षण अधिनियम, मानचित्र निर्माण, खेसरा पंजी संधारण, खानापुरी, सॉफ्टवेयर संचालन, खाता जेनरेशन तथा आदेश एवं जांच प्रतिवेदन लेखन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन उपस्थित रहे।


## धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है थर्मोकोल एवं प्लास्टिक के बने वस्तुओं का कप, प्लेट



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित विभिन्न मैरिज हॉल एवं गेस्ट हाउस में आजकल शादी-ब्याह समारोह को लेकर बुकिंग चल रही है। बाजार क्षेत्र के कल्याण बिगहा रोड, डाक-बंगला रोड,रांची रोड़ ,सरथा रोड ,गोगीपर,बीच बाजार,गोनावां रोड समेत अन्य क्षेत्रों में छोटे-बड़े करिब एक दर्जन मैरिज हॉल एवं गेस्ट हाउस संचालित है। लेकिन पर्यावरण संरक्षण के लिए पालीथीन के प्रयोग को लेकर न हीं हरनौत नगर पंचायत के प्रशासन जागरूक हैं और न ही प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड हीं सख्त नज़र आ रहा है। जबकि बिहार सरकार ने 14 दिसंबर, 2021 की मध्यरात्रि से हीं एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उत्पादन, आयात, भंडारण और वितरण पर प्रतिबंध लागू कर दिया है ।प्लास्टिक कचरे और प्रदूषण को कम करने के लिए पॉलीथीन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। लेकिन संचालक द्वारा मैरिज हॉल या होटल या गेस्ट हाउस के बगल में ही सड़क के किनारे उत्तप्रतिबंध पॉलिथीन के साथ-साथ दुर्गन्धित कचरा का भंडारण किया जा रहा है। इससे नगर पंचायत की छवि खराब होती है साथ ही राहगीर से लेकर स्थानीय मोहल्ले वासी तक परेशान रहते हैं। बुद्धजीवियों का कहना है कि विभिन्न फुटपाथी दुकान एवं किराना दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं भंडारण को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जाता है ।लेकिन इस स्थान पर क्यों नहीं। उन्होंने कहा है कि इन जगहों पर सार्वजनिक रूप से आदेश जारी किया जाए।वहीं नपं के सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी प्राची प्रसाद ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा पॉलीथीन पर पूर्ण प्रतिबंध है और मैरिज हॉल सहित अन्य सार्वजनिक आयोजनों में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दिव्यांग दंपती पर हमला, न्याय के लिए थानों के चक्कर काट रहा परिवार



विजय प्रकाश उर्फ पिन्टू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के डोईया पंचायत अंतर्गत परियौना गांव निवासी दिव्यांग रवि साव न्याय की गुहार लेकर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। रवि साव ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके और उनके पुत्र राहुल कुमार के साथ जमकर मारपीट की, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में नूरसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गुड्डू साव, मनोज साव, अनिता देवी और गीता देवी को अभियुक्त बनाया गया है।

रवि साव का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज हुए लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभियुक्त खुलेआम उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पूरा परिवार भय के साये में जी रहा है।

पीड़ित रवि साव ने बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। परिवार के भरण-पोषण के लिए वह पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में मजदूरी करते हैं। गांव में परिवार को लगातार प्रताड़ित किए जाने की सूचना मिलने पर वह दुर्गापुर से घर पहुंचे थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और उनके साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया गया।रवि साव ने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# गोनावां पावर सब स्टेशन निर्माण ठप, ग्रामीणों ने तेज कार्य की मांग उठाई



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत प्रखंड के गोनावां पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन के पास निर्माणाधीन पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का कार्य महीनों से ठप पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पेड़-पौधों की कटाई, बोरिंग और सीमांकन का कार्य काफी पहले शुरू किया गया था, लेकिन फिलहाल केवल बोरिंग कर काम छोड़ दिया गया है। बोरिंग स्थल को ढका तक नहीं गया है और वहां भूसा की खरीद-बिक्री की जा रही है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

वहीं हरनौत बिजली आपूर्ति प्रशाखा के कनिय अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि मिट्टी जांच और सीमांकन के बाद जेसीबी से जमीन समतलीकरण का कार्य जारी है।

उन्होंने कहाकि कार्य एजेंसी को हर हाल में नौ माह के भीतर निर्माण पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया है। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पीएसएस प्रखंड का छठा पावर सब स्टेशन होगा। इसकी क्षमता 20 एमवीए होगी तथा यहां 10-10 एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। पीएसएस चालू होने के बाद चेरन पीएसएस का लोड आधा हो जाएगा और पूर्वी क्षेत्रों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। गोनावां, बसनियावां और गोखुलपुर समेत पांच फीडरों को इससे जोड़ा जाएगा। पंचायत मुखिया अमरेश उपाध्याय ने बताया कि इस पीएसएस की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री सह सांसद नीतीश कुमार से भी मुलाकात की थी।










# अतिपिछड़ा समाज के सशक्तिकरण पर उप मुख्यमंत्री से मिले डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी



राजगीर (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव से जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव सह वरिष्ठ समाजसेवी एवं दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य में अतिपिछड़ा समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और उनके सामाजिक सशक्तिकरण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार लगातार अतिपिछड़ा समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर विधानसभा तक इस वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए और ठोसकदम उठाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने उप मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अतिपिछड़ा समाज के युवाओं को राजनीति और सामाजिक नेतृत्व में आगे लाने के लिए विशेष पहल की जाए।

उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने डॉ. चंद्रवंशी के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड शुरू से ही सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की राजनीति करती रही है। उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा समाज पार्टी और सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने बिहार के सामाजिक संतुलन और विकास में अतिपिछड़ा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

# प्राथमिक विद्यालय मानपुर में प्रशिक्षु शिक्षक के सम्मान में आयोजित हुआ विदाई समारोह




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्राथमिक विद्यालय मानपुर (यूडाइस 10270104001) में शुक्रवार को प्रशिक्षु शिक्षक के सम्मान में सादगीपूर्ण एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षु शिक्षक दिसंबर 2025 में अभ्यास पाठ के लिए विद्यालय आए थे तथा 24 अप्रैल 2026 को उनका अंतिम कार्य दिवस रहा। विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।


समारोह में ग्राम पंचायत राज अमावाँ के मुखिया प्रशान्त कुमार उर्फ राजा बाबू ने उपस्थित होकर प्रशिक्षु शिक्षक के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय टीएलएम कार्यशाला सह प्रदर्शनी प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। प्रतियोगिता में रमेश कुमार ने प्रथम तथा गुरुदेव कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानितकिया गया।

कार्यक्रम में सोनू कुमार, नीतीश कुमार, संदीप कुमार पासवान, दीपक कुमार शर्मा, पूनम कुमारी एवं अनीशा पटेल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं मध्य विद्यालय अमावाँ की शिक्षिका सरिता कुमारी, कुमारी रंजन, रेणु कुमारी, रंजू कुमारी, अब्दुस सलाम, अभय कुमार, प्राथमिक विद्यालय मानपुर के प्रधान शिक्षक सूर्यकांत सिंह, +2 विद्यालय अमरावती के शिक्षक किशोर कुणाल, प्रशिक्षु शिक्षकगण, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अस्थावां के प्रतिनिधि विनोद कुमार तथा बीआरसी कर्मी नवीन कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।समारोह के अंत में प्रशिक्षु शिक्षक ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन भावुक वातावरण में हुआ।









# पंचपदी शिक्षण पद्धति से शिक्षकों को प्रभावी अध्यापन के गुर सिखाए गए



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पूज्य तपस्वी श्री जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर (राजगीर) में विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित पंचपदी अधिगम पद्धति आधारित प्रशिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामकृष्ण राव तथा उत्तर-पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम जी ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण विधियों से परिचित कराना तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं बहुविषयी शिक्षण, कौशल विकास, मातृभाषा आधारित शिक्षा एवंछात्र-केंद्रित अधिगम पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण सत्र में पंचपदी शिक्षण पद्धति के पाँच चरण अधिति, बोध, अभ्यास, प्रयोग एवं प्रसार को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से



समझाया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि इन चरणों के आधार पर तैयार पाठ योजना विद्यार्थियों की समझ, रचनात्मकता एवं सहभागिता को बढ़ाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती है।कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने समूह चर्चा में भाग लेते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर क्षेत्र संयोजक (पूर्वी उत्तर प्रदेश) दिनेश जी, संभाग निरीक्षक (पूर्वी उत्तर प्रदेश) विजय शंकर जी, विभाग निरीक्षक गयाजी उमाशंकर पोद्दार, क्षेत्र प्रशिक्षण संयोजक धरणीकांत पांडे, विभाग निरीक्षक रोहतास, पूर्णिया विभाग के प्रवासी कार्यकर्ता गणेश प्रसाद सहित विभिन्न प्रांतों से आए आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित रहे।

# सुंदरपुर में नौ दिवसीय चंडी महायज्ञ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ सफलतापूर्वक



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में आयोजित श्री श्री 1008 श्री चंडी महायज्ञ सह महारानी प्राण प्रतिष्ठा का नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। आयोजन के दौरान गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

पूर्व मुखिया मिथलेश कुमार ने बताया कि यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल पर चौबीसों घंटे भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से पूरे कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया



गया।उन्होंने बताया कि नौ दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में कथा, पूजा, हवन और भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ जुड़े रहे। पूरे अनुष्ठान के दौरान वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित बना रहा।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार मुस्तैद रहा। पुलिस प्रशासन की सक्रियता के कारण कार्यक्रम बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने भी आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर योगदान दिया और इसे यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






# सोहसराय पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा, दूसरी बार भेजा गया जेल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।सोहसराय थाना पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के घर से 11.5 किलो गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार तस्कर को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशा कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

सोहसराय थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि 27 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि लोहानी गांव में एक युवक गांजा तस्करी का धंधा चला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के लोहानी गांव निवासी स्वर्गीय राजकुमार यादव उर्फ ठाकुर प्रसाद यादव के 25 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सुजीत कुमार इससे पहले वर्ष 2023 में भी गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से नशे के कारोबार में सक्रिय हो गया था। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है और अन्य तस्करों की पहचान के लिए छानबीन जारी है।

# शादी समारोह की खुशियां मातम में बदलीं, तालाब में डूबीं दो मासूम बच्चियां






बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।सरमेरा थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब तालाब में डूबने से दो बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चीख-पुकार का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सरमेरा निवासी पवन राम की पुत्री की शादी का समारोह चल रहा था। मंगलवार को मड़वा की रस्म के दौरान गांव के कई लोग दुर्गा स्थान स्थित तालाब में स्नान करने गए थे। इसी दौरान गांव की दो बच्चियां 14 वर्षीय खुशबू कुमारी और 13 वर्षीय राधा कुमारी भी स्नान करने के लिए तालाब पहुंचीं।

स्नान के बाद गांव के लोग अपने-अपने घर लौट आए, लेकिन दोनों बच्चियां वापस नहीं पहुंचीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। करीब तीन से चार घंटे बाद तालाब में दोनों के शव तैरते हुए दिखाई दिए। यह दृश्य देखते ही परिवार और ग्रामीणों में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बच्चियों को सरमेरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चियों के पिता रोज़गार के लिए दूसरे राज्यों में मजदूरी करते हैं।थानाध्यक्ष संकेंद्र बिंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। आगे की कार्रवाई जारी है।






# उर्वरक दुकानों पर सघन छापेमारी, दो प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलंबित



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नालंदा जिले में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों को जिले के सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में 52 उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी, नालंदा, सहायक निदेशक (रसायन) तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, बिहारशरीफ द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कई थोक एवं खुदरा उर्वरक दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरानप्रतिष्ठानों के लाइसेंस, भंडारण व्यवस्था , अभिलेख संधारण तथा उर्वरक विक्रय से संबंधित नियमों की गहन जांच की गई।

जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर एक थोक उर्वरक प्रतिष्ठान और एक खुदरा उर्वरक प्रतिष्ठान का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा एक थोक उर्वरक प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। वहीं एक कीटनाशी प्रतिष्ठान को भी निलंबित कर उससे जवाब मांगा गया है।जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्धारित नियमों का पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# हरनौत में एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज, 22 सौ किशोरियों को मिलेगा सुरक्षा कवच



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कक्ष में मंगलवार को एचपीवी वैक्सीन को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए इसे सफल बनाने की रणनीति तय की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी, पाकड़ पंचायत के मुखिया हरिनारायण सिंह समेत कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि फिलहाल 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को यह टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह टीका पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किशोरियां भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने बताया कि प्रखंड में करीब 22 सौ किशोरियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक लगभग 600 से 800 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है।बीडीओ डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि यह टीका पूरी तरह प्रमाणित एवं सुरक्षित है। उन्होंने जीविका, आईसीडीएस और शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया। प्रत्येक विद्यालय के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर मेडिकल टीम के सहयोग से समयबद्ध टीकाकरण कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों और छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बीसीएम प्रमीला रॉय, बीएम एंड ई मनोज कुमार, जीविका बीपीएम मो. आफताब आलम तथा आईसीडीएस की एलएस सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।






संपादकीय

जे पी चौधरी



# गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत, विपक्ष के लिए बड़ा संदेश

गुजरात की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित कर दी है। विधानसभा चुनाव से पहले हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों के नतीजों ने साफ संकेत दे दिया है कि राज्य में भाजपा का संगठन और जनाधार अभी भी बेहद मजबूत है। इन चुनावों में भाजपा ने जिस तरह शानदार प्रदर्शन किया, उसने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की चिंताओं को बढ़ा दिया है।

राज्य में पंद्रह नगर निगमों, चौरानवे नगर पालिकाओं, चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों के लिए मतदान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी और वापी सहित कई नए नगर निगमों में पहली बार चुनाव कराए गए। इन सभी क्षेत्रों में भाजपा ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। करीब अठारह लाख मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया, जो पचपन प्रतिशत से अधिक रहा। यह दर्शाता है कि जनता ने चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्थानीय मुद्दों पर अपनी राय स्पष्ट रूप से सामने रखी।

नगर निगम चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन सबसे अधिक प्रभावशाली रहा। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और राजकोट जैसे बड़े शहरों में भाजपा ने भारी बहुमत हासिल किया। इन शहरों में पार्टी ने विकास कार्यों को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। बेहतर सड़कें, स्वच्छता अभियान, पानी की आपूर्ति, यातायात व्यवस्था और शहरी सुविधाओं को लेकर सरकार के कार्यों का असर जनता के मतदान में साफ दिखाई दिया। सूरत जैसे व्यापारिक शहर में व्यापारी वर्ग ने खुलकर भाजपा का समर्थन किया। वहीं नए नगर निगमों में भी भाजपा की जीत ने यह साबित किया कि पार्टी की पकड़ केवल पुराने क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए शहरी क्षेत्रों में भी तेजी से मजबूत हो रही है।

इन चुनावों में कांग्रेस को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। कई नगर निगमों में पार्टी का प्रदर्शन बेहद कमजोर रहा। कुछ स्थानों पर तो कांग्रेस अपना खाता तक नहीं खोल सकी। आम आदमी पार्टी ने भी शहरी क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिली। इससे स्पष्ट है कि गुजरात में भाजपा के सामने विपक्ष अभी बिखरा हुआ और कमजोर दिखाई दे रहा है। विपक्ष स्थानीय मुद्दों पर जनता का विश्वास जीतने में सफल नहीं हो पाया।

भाजपा की जीत का एक बड़ा कारण उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता माने जा रहे हैं। पार्टी ने चुनाव से पहले लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाया। भाजपा ने जातीय समीकरणों से ऊपर उठकर व्यापक समर्थन जुटाने की रणनीति अपनाई, जिसका उसे फायदा मिला। ओबीसी, पटेल, आदिवासी और मध्यम वर्गीय मतदाताओं का भरोसा पार्टी के साथ बना रहा।

पंचायत चुनावों में भी भाजपा का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। जिला पंचायतों और तालुका पंचायतों में पार्टी ने बड़ी संख्या में सीटें जीतीं। ग्रामीण इलाकों में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्यों का असर चुनाव परिणामों में देखने को मिला। किसानों और ग्रामीण मतदाताओं ने भाजपा सरकार की योजनाओं पर भरोसा जताया। मनरेगा, कृषि सहायता और ग्रामीण विकास योजनाओं को लेकर सरकार की सक्रियता ने ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति मजबूत की। कांग्रेस ग्रामीण इलाकों में भी प्रभावी चुनौती पेश नहीं कर सकी। कई जगहों पर पार्टी उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। यह स्थिति कांग्रेस के कमजोर संगठन और जनता से दूरी को दर्शाती है। आम आदमी पार्टी का प्रभाव भी गांवों में लगभग न के बराबर रहा।


इन चुनाव परिणामों ने भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है और नेतृत्व को जनता के समर्थन का स्पष्ट संकेत मिला है। वहीं विपक्ष के लिए यह नतीजे गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। यदि विपक्ष समय रहते संगठन को मजबूत नहीं करता और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से नहीं उठाता, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की राह आसान हो सकती है।

कुल मिलाकर गुजरात निकाय और पंचायत चुनावों ने यह साबित कर दिया है कि राज्य में भाजपा अभी भी सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति बनी हुई है।

जनता ने विकास और स्थिर शासन के नाम पर भाजपा पर भरोसा जताया है। अब देखना यह होगा कि विपक्ष इन नतीजों से क्या सीख लेता है और आगामी चुनावों के लिए खुद को किस तरह तैयार करता है।




# जहानाबाद में भारत जनगणना 2027 को लेकर स्व-गणना अभियान हुआ तेज



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। भारत जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जहानाबाद जिले में स्व-गणना अभियान तेज कर दिया गया है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में स्वयं अपने आवास का स्व-गणना कर अभियान की शुरुआत को गति दी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार में भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके तहत राज्यभर में 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य चल रहा है। इस अवधि में लोग स्वयं अपने परिवार और आवास संबंधी विवरण ऑनलाइन माध्यम से दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि स्व-गणना के बाद दूसरे चरण में प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कार्य करेंगे। यह प्रक्रिया 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक संचालित होगी। सूचीकरण के दौरान प्रगणकों को कुल 33 कॉलमों में आवश्यक जानकारी भरनी होगी, जिसमें परिवार, आवास, सुविधाएं और अन्य सामाजिक-आर्थिक विवरण शामिल रहेंगे।

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने तथा लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों के निर्माण में सहायता मिलती है।

उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे स्व-गणना में बढ़-चढ़कर भाग लें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# जहानाबाद में भू-अभिलेख निदेशक ने विशेष सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति परखी




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। मंगलवार को निदेशक भू-अभिलेख एवं परिमाप, बिहार पटना सुहर्ष भगत की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ देकर निदेशक का स्वागत किया।

बैठक में बंदोबस्त पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता तेज नारायण राय ने बताया कि जिले में प्रथम चरण के तहत घोषी, हुलासगंज, मोदनगंज एवं रतनी फरीदपुर अंचल में विशेष सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। इन चार अंचलों के 240 राजस्व ग्रामों में से 218 ग्रामों का प्रारूप प्रकाशन तथा 158 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन पूरा कर लिया गया है। द्वितीय चरण में जहानाबाद सदर, काको एवं मखदुमपुर अंचल के 328 राजस्व ग्रामों में कार्य संचालित है। इनमें 311 ग्रामों में प्रपत्र-05 का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा सभी 328 ग्रामों का त्रि-सीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण हो चुका है। साथ ही 63 राजस्व ग्रामों का किस्तवार कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

निदेशक ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त सरकार की महत्वाकांक्षी और समयबद्ध योजना है, जिसे पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य है।

बैठक में कई अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति रही।

# प्रणावां धाम मेले की तैयारियों का जिलाधिकारी और एसपी ने किया निरीक्षण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सरमेरा प्रखंड के प्रणावां स्थित राजकीय श्रीश्री 108 श्री शरण निवास बाबा महतो साहब द्विवार्षिक मेला महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्ञात हो कि प्रणावां धाम बाबा महतो साहब मंदिर में 30 अप्रैल से 1 मई 2026 तक पूजा एवं मेला कार्यक्रम आयोजित होगा।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, विधि व्यवस्था, पेयजल, लाइटिंग, शौचालय, अग्निशमन दस्ता, स्वास्थ्य सेवा, एम्बुलेंस, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, ड्रॉप गेट, हेलीपैड एवं भीड़ नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्रद्धालुओं के आवासन हेतु गेस्ट हाउस में विशेष व्यवस्था की गई है।
मेला के सफल आयोजन के लिए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने का निर्देश दिया। भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास मार्ग बनाए गए हैं। उचक्कों एवं मनचलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# नूरसराय में श्रम विभाग का छापा, दो बाल श्रमिक कराए गए मुक्त



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर नालंदा जिले में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नूरसराय प्रखंड क्षेत्र में श्रम विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया।
श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नूरसराय पिंकी कुमारी के नेतृत्व में गठित विशेष धावा दल ने नूरसराय बाजार क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की। अभियान के दौरान दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिकों से कार्य कराए जाने का मामला सामने आया। टीम ने दोनों बच्चों को तत्काल विमुक्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में लिया।
श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विमुक्त बाल श्रमिकों को आगे की कार्रवाई एवं संरक्षण के लिए बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी परवलपुर भवेन्दु कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी थरथरी राकेश कुमार, आईडिया संस्था नालंदा के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, शैलेंद्र प्रसाद, आदित्य गौतम तथा नूरसराय थाना की पुलिस टीम शामिल रही।
श्रम विभाग ने लोगों से अपील की है कि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत विभाग या स्थानीय थाना को दें, ताकि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य उपलब्ध कराया जा सके।

# नामांकन उत्सव को सफल बनाने हेतु थरथरी के विद्यालयों को मिले आवश्यक निर्देश

थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड के सभी विद्यालयों में 2 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव एवं नामांकन उत्सव की तैयारियों को लेकर सोमवार को बीआरसी थरथरी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।
बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में नामांकन उत्सव को आकर्षक, व्यवस्थित और सफल बनाना था। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों को कई आवश्यक निर्देश दिए। कहा गया कि सभी स्कूलों में रंगोली बनाई जाए, मुख्य द्वार को बैलून से सजाया जाए तथा आमंत्रित अभिभावकों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बच्चों के स्वागत के लिए टॉफी और बिस्किट वितरण करने का भी निर्देश दिया गया।
अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में होने वाले खर्च का समायोजन विद्यालयों के कंपोजिट ग्रांट से किया जा सकता है। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी जाए।
बैठक की अध्यक्षता नवपदस्थापित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विजय शंकर प्रसाद ने की, जबकि संचालन लेखपाल संजीव द्वारा किया गया। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय प्रधानों से अपील की कि वे समय पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रवेश उत्सव को सफल बनाएं और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# थरथरी में जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, कर्मियों को मिला विशेष प्रशिक्षण



थरथरी (अपना नालंदा)। जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर थरथरी प्रखंड में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में मंगलवार को ट्राइसेम भवन, थरथरी में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी की अध्यक्षता में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराना तथा 2 मई 2026 से शुरू होने वाली जनगणना प्रक्रिया और वर्तमान में चल रहे स्व-गणना अभियान के संबंध में प्रशिक्षण देना था। इस दौरान प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रखंड स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ से जुड़े कर्मियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।
अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना यानी सेल्फ एन्यूमरेशन के तहत नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इससे जनगणना प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को डेटा संग्रहण में सावधानी बरतने और त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिक्षा कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राकेश कुमार, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि सहित मास्टर ट्रेनर रमेश कुमार और राम प्रवेश राम मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने जनगणना कार्य को सरकार की महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताते हुए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करने पर जोर दिया।
बैठक के दौरान जनगणना से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं और ऑनलाइन व्यवस्था की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# नरारी गांव में 10 लीटर देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड के नरारी गांव में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नरारी निवासी सुनिल राम के रूप में हुई है।
थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। इस दौरान सुनिल राम को सफेद प्लास्टिक की बाल्टी में करीब 10 लीटर देसी शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया।पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।
उन्होंने कहा कि इलाके में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेंटर उद्घाटित, युवाओं को मिलेंगे नए रोजगार अवसर



पटना (अपना नालंदा)। बिहार के औद्योगिक विकास और तकनीकी नवाचार को नई गति देने की दिशा में मंगलवार को पटना के बिहटा में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में स्थापित एक्सटेंशन सेंटर का भी शुभारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है और यह प्रौद्योगिकी केंद्र 'मेक इन बिहार' अभियान को नई मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह केंद्र निवेश, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बिहटा का यह प्रौद्योगिकी केंद्र युवाओं और उद्यमियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजार से जोड़ने का माध्यम बनेगा। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में पीएम विश्वकर्मा योजना और ग्रामोद्योग विकास योजना के लाभार्थियों को टूलकिट, पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों को चेक तथा एससी-एसटी हब योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# परीक्षा देकर लौटते छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत, गांव में मातम

हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा-थरथरी मुख्य मार्ग पर मिल्कीपर गांव के समीप मंगलवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के सिपारा गांव निवासी जगमोहन बिंद के 20 वर्षीय पुत्र धनराज कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों ने बताया कि धनराज कुमार बिहारशरीफ से स्नातक की परीक्षा देकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मिल्कीपर गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि धनराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और परिजनों को दी गई।सूचना मिलते ही हिलसा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। हादसे की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि धनराज दो भाइयों में छोटा था और पढ़ाई में काफी मेहनती था। उसकी अचानक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आसपास के क्षेत्रों में छानबीन कर रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शादी समारोह में पहुंचे युवक की बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा शहर के बिहार रोड स्थित प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव स्थान के पास से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित युवक ने हिलसा थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हिलसा थाना क्षेत्र के इंदौत गांव निवासी पुना बिंद के पुत्र आनंद कुमार 26 अप्रैल को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुढ़वा महादेव स्थान पहुंचे थे। समारोह में शामिल होने के दौरान उन्होंने अपनी बाइक मंदिर परिसर के समीप खड़ी कर दी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह वापस घर लौटने के लिए पहुंचे तो उनकी बाइक वहां से गायब मिली।बाइक नहीं मिलने पर आनंद कुमार ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और काफी देर तक खोजबीन भी की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मंगलवार को हिलसा थाना पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ लिखित आवेदन दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आमजन परेशान हैं।

# जहानाबाद में समाजसेवी राजेश शर्मा का अभिनंदन, भाईचारे और मानवता पर जोर



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। समाज में आपसी भाईचारा, सम्मान और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे दिल्ली के नजफगढ़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजेश शर्मा के जहानाबाद आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। आर्यभट्ट के संस्थापक मंडल एवं प्रबुद्धजनों ने पुष्पगुच्छ, शॉल और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता आरके मिश्रा का भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राजेश शर्मा ने समाज में प्रेम, सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी केसाथ आगे आने का संदेश दिया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक विकास से जुड़े आगामी कार्यों की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

बैठक में सामाजिक सरोकारों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। राजेश शर्मा ने कहा कि समाज में एकता और आपसी सद्भाव बनाए रखना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता और सामाजिक सेवा को जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य बताया।

इस अवसर पर दिल्ली के उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता आरके मिश्रा, मंगलम मार्बल सप्लायर पटना के उद्यमी कमलेश कुमार, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व क्रिकेटर डीके पॉल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने राजेश शर्मा के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें मानवता और सेवा भावना का प्रतीक बताया।

# नीतीश शासन में बिहार बना विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय का मजबूत मॉडल





पटना (अपना नालंदा)। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम और परिमल कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने पिछले दो दशकों में विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास की नीति के तहत राज्य के हर वर्ग और क्षेत्र तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है। बिहार आज बदलते भारत में प्रगति, स्थिरता और समावेशी विकास का मजबूत उदाहरण बनकर उभरा है।प्रवक्ताओं ने कहा कि नीतीश कुमार के शासनकाल में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए गए, जिससे अपराध पर नियंत्रण हुआ और आम लोगों मेंसुरक्षा की भावना बढ़ी। जो बिहार कभी भय और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, वह आज शांति और प्रशासनिक जवाबदेही के लिए पहचान बना रहा है।

उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि पंचायतों और नगर निकायों में आरक्षण, सरकारी नौकरियों में अवसर, जीविका समूहों और छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है।

युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं से नए अवसर पैदा हुए हैं।

उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा ही मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी ताकत है और बिहार लगातार विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer